हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 जून 2026


तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री



13 रसेला की विशेष ग्रामसभा में जल संरक्षण व पौधारोपण...



14 पुजेरिन दाई मंदिर परिसर में जिला साहू संघ ने किया...



खबर संक्षेप

## राजिम विधायक रोहित साहू का जन्मदिवस आज

राजिम। राजिम विधायक रोहित साहू अपने जन्मदिवस के अवसर पर आज 9 जून मंगलवार को राजिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित वृक्षारोपण, भूमिपूजन, लोकार्पण एवं सम्मान समारोह में शामिल होंगे। जन्मदिवस को जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं विकास कार्यों को समर्पित करते हुए वे दिनभर क्षेत्र भ्रमण कर आमजन से मुलाकात करेंगे तथा विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे।



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधायक श्री साहू प्रातः 9 बजे राजिम स्थित निवास से प्रस्थान कर भगवान राजीव लोचन मंदिर, राजिम माता मंदिर, बाबा गरीबनाथ मंदिर एवं सिद्ध मनोकामना हनुमान मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना करेंगे। इसके पश्चात वे फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम बेलटुकरी पहुंचकर वृहत वृक्षारोपण, वरिष्ठ नागरिक सम्मान तथा विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे ग्राम श्यामनगर में महिलाओं एवं ग्रामीणों द्वारा आयोजित वृहत पौधारोपण, लोकार्पण एवं सम्मान समारोह में सहभागिता करेंगे। दोपहर बाद विधायक श्री साहू ग्राम पाण्डुका में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां नवोदय विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण, हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में भूमिपूजन, शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण, शीतला मंदिर एवं गायत्री मंदिर के समीप विकास कार्यों के भूमिपूजन तथा वरिष्ठजनों के सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सायंकाल वे ग्राम सांकरा (गाड़ाघाट) पहुंचकर वृहत वृक्षारोपण, विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं तहसील स्तरीय यादव समाज के वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# समाधान मंच के प्रयास से देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी स्ट्रीट लाइट से जगमगाया

## 6-7 माह से स्ट्रीट लाइट बंद रहने से ग्रामीण हो रहे थे परेशान, अब लोगो में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





गरियाबंद जिले के देवभोग नेशनल हाईवे के किनारे लाखों रूपये खर्च कर स्ट्रीट लाइट लगायी गई थी, लेकिन शुरू में महज एक सप्ताह ही यह जलने के बाद से बंद हो गई और पिछले 6–7 माह से बंद पड़ी थी। इस दौरान कई बार स्ट्रीट लाइट को प्रारंभ करवाने की मांग की गई, लेकिन समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। देवभोग क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए समाधान मंच बनाया गया है और इस समाधान मंच के माध्यम से क्षेत्र में पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली एवं बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही क्षेत्र के प्रमुख मांगों को प्रमुखता के साथ इन दिनों लगातार सामने लाया जा रहा है, जिसके चलते कई समस्याओं का समाधान करने में सफलता मिली है। समाधान मंच द्वारा देवभोग नगर में लगाये गये स्ट्रीट लाइट को प्रारंभ करवाने की मांग प्रमुखता से की गयी, जिसके कारण सोमवार को शाम होते ही देवभोग नगर बिजली की रौशनी से जगमगा उठा। पिछले 6–7 माह से बंद पड़े स्ट्रीट लाइट को प्रारंभ किया गया है। निश्चित रूप समाधान मंच के पहल से स्ट्रीट लाइट प्रारंभ किया गया, जिसका लाभ देवभोग क्षेत्र के लोगो को मिलेगा और लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। समाधान मंच क्षेत्र के समस्याओं के समाधान की दिशा में निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित हो रहा है।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



■ चिकित्सा स्नातक प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने सीखी परीक्षा की बारीकियां

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा छुरा, जिला गरियाबंद में कक्षा 12वीं जीवविज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए 4 से 7 जून तक चार दिवसीय NEET Re-Boost 2026 कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मूल उद्देश्य नीट परीक्षार्थियों को विषय-ज्ञान के साथ-साथ परीक्षा रणनीति, समय प्रबंधन एवं मानसिक दृढ़ता के क्षेत्र में सक्षम बनाना था। कार्यशाला में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, आज़मगढ़ के एम.बी.बी.एस. अंतिम वर्ष के मेधावी छात्र ऋषभ सिंह एवं आयुष सिंह ने प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। दोनों प्रशिक्षकों ने नीट की कठिन राह को स्वयं पार करने के अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक बल्कि मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी तैयार किया। भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं जीवविज्ञान के प्रश्नों को हल करने का आदर्श क्रम, प्रत्येक विषय के लिए उचित समय-आवंटन तथा परीक्षा-कक्ष में प्रभावी समय प्रबंधन की व्यावहारिक तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की गई। ओएमआर शीट भरने की सही पद्धति, परीक्षा के दौरान होने वाली सामान्य भूलों की पहचान तथा /"सिली मिस्टेक्स/" को न्यूनतम करने की प्रभावी रणनीतियाँ सिखाई गईं। प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों को /"पाठक की दृष्टि से नहीं, बल्कि /"शिक्षक की दृष्टि/" से पढ़ने की अनूठी तकनीक सिखाई अर्थात यह समझना कि प्रत्येक पंक्ति से किस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। भौतिकी एवं रसायन विज्ञान के जटिल प्रश्नों को वैचारिक स्पष्टता एवं तार्किक विश्लेषण द्वारा कम समय में हल करने के तरीके बताए गए। साथ ही परीक्षा के तीन घंटों में मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने के महत्त्वपूर्ण सूत्र साझा किए गए।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलकांत यादव ने कहा नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता केवल विषय-ज्ञान की नहीं, सही रणनीति, समय प्रबंधन और मानसिक दृढ़ता की भी माँग करती है। इस कार्यशाला ने हमारे विद्यार्थियों को परीक्षा की वास्तविक परिस्थितियों से परिचित कराया और उनमें सफलता के लिए आवश्यक आत्मविश्वास का संचार किया। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह अनुभव उन्हें आगामी नीट परीक्षा में निश्चित रूप से लाभान्वित करेगा।

भेष कुमार ने कहा कार्यशाला से समय प्रबंधन और प्रश्न-चयन की स्पष्ट समझ विकसित हुई। अब परीक्षा के प्रति मेरा आत्मविश्वास कहीं अधिक सुदृढ़ हो गया है। नोकेश्वर ने कहा एनसीईआरटी को पढ़ने का नया दृष्टिकोण मिला। पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों के विश्लेषण ने मेरी तैयारी को एक नई दिशा दी है। रेणुका ने कहा ओएमआर शीट भरने की सही विधि और सिली मिस्टेक्स से बचाव की जानकारी मेरे लिए अत्यंत मूल्यवान रही। अमीषा ने कहा प्रशिक्षकों के वास्तविक अनुभव सुनकर हमें अपने लक्ष्य के प्रति और अधिक समर्पित होने की प्रेरणा मिली।



## क्रिकेट स्पर्धा में खोरपा की हुई खिताबी जीत

**अभनपुर।** महाकाल 11 के संचालन में ग्राम खोरपा में आयोजित प्रथम खोरपा प्रीमियर लीग का समापन हुआ। प्रतियोगिता में लगभग 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में कुल 6 टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला में एचबीके लेजेंड्स ने मोक्ष 11 को हरा कर प्रथम खोरपा प्रीमियर लीग के खिताब पर कब्जा जमाया। समापन अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि खोरपा चम्मन ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि गुलाब साहू,कमलेश साहू, पुरुषोत्तम साहू,स्पोर्ट्स ऑफिसर वीरेंद्र जांगड़े सहित अन्य अतिथियों ने विजेता टीम एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार के साथ सम्मानित किया। इस अवसर पर अश्वनी ध्रुवंशी, रणजीत साहू, लखन साहू,भोला धीवर,खेमराज साहू,अरुण धीवर,शुभम वर्मा,अरुण धीवर, कुणाल देवांगन, जितेश देवांगन, घनश्याम साहू, मनीष साहू, राज पटेल, विनायक धीवर,तुषार पटेल, नेहाल देवांगन, इन्द्र साहू, रोशन पटेल, सागर साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।






संकलनकर्ता- परमेश्वर यादव हरिभूमि संवाददाता रसेला मो. 9131952372













प्रस्तुति - उत्कर्ष शर्मा रिपोर्टर ब्यूरो कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं. 9752106022, दीपक साहू, संवाददाता सुरसाबांधा, मो. 8959346055







प्रस्तुति - उत्कर्ष शर्मा रिपोर्टर ब्यूरो कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं. 9752106022, दीपक साहू, संवाददाता सुरसाबांधा, मो. 8959346055








प्रस्तुति - उत्कर्ष शर्मा रिपोर्टर ब्यूरो कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं. 9752106022, दीपक साहू, संवाददाता सुरसाबांधा, मो. 8959346055

## खबर संक्षेप

### अंग्रेजी शराब बरामद दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने शराब बिक्री कर रह दो लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। जिसमें से एक आरोपी फरार है। पुलिस ने बताया कि ग्राम मेमरा में हेमंत बारिक नाम का व्यक्ति नित्यानंद सांड के मकान अवैध शराब बिक्री के लिए रखा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां एक व्यक्ति ने अपना नाम हेमंत बारिक पिता शरद बारिक (29 साल) बरमुंडा थाना बिजेपुर जिला बरगढ़ हाल निवास ग्राम मेमरा बताया वहीं उसने फरार व्यक्ति का नाम नित्यानंद सांड पिता भिखारी सांड (30 साल) निवासी बरमुंडा थाना बिजेपुर जिला बरगढ़ ओडिशा हाल निवास मेमरा होना बताया। इसके पुलिस ने संदेही के कब्जे से 15 नग देशी प्लेन शराब, 07 नग अंग्रेजी गोवा शराब, 21 नग सिंबा कंपनी का बियर कुल कीमत 4410 रुपए को बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बैठक आज

**महासमुंद।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन महासमुंद ब्लॉक की बैठक 9 जून मंगलवार को प्रातः 9:30 बजे नीलकंठ राव साकरकर उमाशा भलेसर रोड में रखी गई है।

**ग्रामसभा : जन जागरुकता से ही पर्यावरण संतुलन संभव**

# रसेला की विशेष ग्रामसभा में जल संरक्षण व पौधारोपण पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



विकासखंड छुरा के अंतर्गत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी पंचायतों में विशेष ग्रामसभा आयोजन किया गया। इसमें ग्राम पंचायत रसेला में इस ग्रामसभा में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार चर्चा की गई। उपस्थित ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने भारत माता की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर पुजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात सभी उपस्थित ग्रामीणों का गुलाल लगाकर कर स्वागत सम्मान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा समाज को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इस विशेष ग्रामसभा का मुख्य उद्देश्य गांवों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जागरूकता फैलाना है। आगे जल के बारे में बताते हुए कहा एक समय था जब 50 से 100 फीट की गहराई पर पानी मिल जाता था, कुएं में बारहमासी पानी रहते थे, हैंडपंप कभी निराश नहीं करते थे। आज की स्थिति 500 से 600 फीट तक बोर करने के बाद भी पानी नहीं मिल पा रहा है। कई स्थानों पर बोरवेल दम तोड रहे हैं। यादव ने कहा हम सब के घरों में धरती की प्यास बुझाने वाले हर रास्ते को बंद कर दिया है। गांवों में सीसी रोड, बाजारों का कंक्रीटकरण,गोठानो तालाबों के चारों ओर सीमेंट की दीवारें, नदियों में प्रोटेक्शन वाल और नालियों का भी कंक्रीट कुल मिलाकर पानी को जमीन में उतरने से रोक रहें हैं। इस लिए हम सबको हर घर श्रमदान से सोखता गड्ढा बनाना है। ग्राम के कोषाध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा भविष्य का विषय है, यदि आज हम नहीं सुधरेंगे तो आने वाले समय में पानी केवल एक संसाधन नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक संघर्ष, आर्थिक संकट और बड़े पैमाने पर पलायन का कारण बनेगा। साथ ही कहा हमारी आने वाली पीढ़ियां हमसे यह नहीं पूछेंगी हमने कितनी सड़कें बनाई। वहां पूछेंगी हमने उनके लिए कितना पानी बचाया। इस ग्रामसभा के अध्यक्ष रेवती कोमर्रा ने स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त वातावरण के निर्माण में जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामीणों से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान में सक्रिय योगदान देने की अपील की। सरपंच रूपादेवी ठाकुर, सचिव रूपसिंह यादव ने घर घर सोखता गड्ढा बनाने के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। धरती को बढ़ते प्रदूषण से बचाने और आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा पानी मुहैया कराने के संकल्प के साथ शुक्रवार को ग्राम रसेला सहित क्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पंच कृष्णा यादव, दयमंती नागेश, निर्मला निषाद, मालती मरकाम, रजनी बाई यादव,सरिता बाई ठाकुर, कसराम ठाकुर, पुरोहित यादव,डोमेश चौहान, कुबेर बारिक, ओंकार ठाकुर,बिहान समूह के महिलाएं देवकी मरकाम,लोमेश्वरी कोमर्रा, सुकारो ठाकुर, कविता कोमर्रा, अंजली कुंजाम, मोमिन यादव, श्यामा ठाकुर, नंदूदास मानिकपुरी, भागवत कोमर्रा,तमेशर मरकाम, रामायण ठाकुर,खेमचंद ताण्डी, खूबलाल यादव, सगुन दास सहित बड़ी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।

# बुलेट की रफ्तार पर भारी 86 साल के बुजुर्ग की साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



स्वस्थ जीवन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाला विश्व साइकिल दिवस आज पूरे विश्व में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कुण्डेल ग्राम के 86 वर्षीय अवरुद्ध सिन्हा ने अपनी जीवनशैली से समाज के सामने एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। फोटो में दिख रहे ये बुजुर्ग सफेद बाल, चश्मे के पीछे मुस्कान, और हाथ में साइकिल का हैंडल। ये साइकिल नहीं, इनकी जिंदगी की गाड़ी है। न पेट्रोल का झंझट न ईएमआई का टेंशन। बस पैडल मारो और दैनिक कार्य पर निकल पड़ो। केसरिया कुर्ता, धोती, चेहरे पर संतोष ,पीछे गुलाबी दीवार वाला घर। यही तो है असली गांव भारत का है । ना फास्ट लाइफ, ना भागदौड़। धीरे-धीरे, मुस्कुराते हुए जीना इनका उद्देश्य है।

उम्र का आठवां दशक पार कर चुके अवरुद्ध सिन्हा कुण्डेल आज भी अपने दैनिक कार्यों के लिए साइकिल का उपयोग कर रहे हैं। न कोई थकान, न कोई बहाना - रोज सुबह साइकिल पर सवार होकर वे अपने जरूरी काम निपटाते हैं।

पिछले कई सालों से हरिभूमि अखबार का विवरण 10 गावों का इसी सायकिल से बांटा करते थे।

आज जब युवा पीढ़ी 500 मीटर की दूरी तय करने के लिए भी दुपहिया वाहन की तलाश करती है, वहीं 86 वर्षीय सिन्हा बिना किसी परेशानी के साइकिल से आवागमन कर रहे हैं। उनका कहना है कि साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ रहता है, पैसे की बचत होती है और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार नियमित साइकिल चलाने से हृदय रोग, मधुमेह और मोटापे जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। अवरुद्ध सिन्हा इसका जीवंत उदाहरण हैं। उनकी चुस्ती-फुर्ती और सक्रियता देखकर अंदाजा लगाना मुश्किल है कि वे 86 वर्ष के हैं।

# रायपुर जिला साहू संघ चुनाव में विधायक इंद्रकुमार साहू समर्थित पैनल की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण के चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि चुनाव परिणाम में विधायक इंद्रकुमार साहू समर्थित पैनल का दबदबा रहा है। इनके पैनल के सभी प्रमुख प्रत्याशियों ने शानदार जीत दर्ज कर संगठन में अपनी मजबूत पकड़ बनाई है। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में हीरामण साहू ने 115 मत प्राप्त कर शानदार जीत हासिल की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी विमल साहू को 85 तथा नंदकुमार साहू को 36 मत मिले। 3 मत निरस्त घोषित किए गए। इसी प्रकार उपाध्यक्ष (पुरुष) पद पर तोषण साहू ने 136 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंदी शंकरलाल साहू को 74 तथा जीधन साहू को 26 मत मिले। 1 मत निरस्त रहा। वहीं उपाध्यक्ष (महिला) पद के लिए हुए चुनाव में धनमती साहू को 103 मत प्राप्त कर विजयी हुई। जबकि अन्य प्रत्याशियों जीतूरानी 79



**हीरामण साहू 115 मत प्राप्त कर बने अध्यक्ष**

और अनसुईया को 55 मत मिले। 2 मत निरस्त घोषित किए गए। संगठन सचिव (पुरूष) पद पर योगेश साहू ने 112 मत हासिल कर जीत दर्ज की। निकटतम प्रतिद्वंद्वी मालिकराम को 73 तथा राकेश को 49 मत प्राप्त हुए। 3 मत निरस्त हुए। संगठन सचिव (महिला) पद पर सरस्वती साहू ने 107 मत हासिल कर जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी पुष्पा साहू को 101 तथा तिजिया साहू को 24 मत प्राप्त हुए। 7 मत निरस्त हुए। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विजयी प्रत्याशियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया गया। समाज के वरिष्ठजनों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि साहू समाज हमेशा से सामाजिक एकता, शिक्षा और संगठनात्मक मजबूती के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का पर्व है, जिसमें हार-जीत से ऊपर उठकर समाजहित को प्राथमिकता देना आवश्यक है। उन्होंने कहा, यह जीत किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि पूरे साहू समाज की जीत है। समाज के सभी वरिष्ठजनों, मातृशक्ति, युवाओं और मतदाताओं ने जिस विश्वास के साथ नए नेतृत्व को जिम्मेदारी सौंपी है, वह समाज के विकास और संगठन की मजबूती के लिए मील का पत्थर साबित होगी। विधायक साहू ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों से समाज में शिक्षा, सामाजिक समरसता, युवा नेतृत्व और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे और समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। चुनाव प्रक्रिया में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने समाज की एकजुटता बनाए रखते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# सुशासन तिहार का सच, बिना इजाजत आदिवासी किसान के खेत में गाड़ दिया बिजली का खंभा

**हटाने की मांग की तो विभाग ने थमा दिया खर्चे का नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

ग्राम पंचायत मुड़ागांव के एक आदिवासी किसान ने अपनी निजी भूमि पर बिना अनुमति स्थापित किए गए विद्युत पोल को हटाने की मांग की थी, लेकिन समाधान मिलने के बजाय उसे पोल हटाने की लागत राशि जमा करने संबंधी नोटिस प्राप्त हुआ है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत मुड़ागांव निवासी आदिवासी किसान अवधराम गोंड की राजस्व भूमि खसरा नंबर 389/2 पर विद्युत विभाग द्वारा एक विद्युत पोल स्थापित किया गया है। किसान का कहना है कि पोल लगाए जाने के समय न तो उसे कोई सूचना दी गई और न ही उसकी अनुमति ली गई। वर्तमान में पोल पर विद्युत तार भी नहीं लगाए गए हैं। किसान अवधराम गोंड ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में 5 मई को ग्राम पंचायत पाटसिवनी में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में आवेदन देकर पोल हटाने की मांग की थी। उनका आरोप है कि समस्या के समाधान के बजाय 5 जून को विद्युत विभाग की ओर से एक नोटिस भेजा गया, जिसमें पोल हटाने के लिए होने वाली लागत राशि उनके द्वारा जमा करने की बात कही गई है।



नोटिस मिलने के बाद किसान ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक गरीब किसान है और इतनी राशि का भुगतान करना उसके लिए संभव नहीं है। उनका कहना है कि सुशासन तिहार के माध्यम से उन्हें अपनी समस्या के समाधान की उम्मीद थी, लेकिन इसके विपरीत मिली कार्रवाई से उनका प्रशासनिक व्यवस्था पर विश्वास कमजोर हुआ है।

किसान ने विद्युत विभाग एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि बिना अनुमति निजी भूमि पर स्थापित किए गए विद्युत पोल को विभाग अपने खर्च पर हटाए। उनका कहना है कि पोल स्थापित करने से पहले विभाग द्वारा न तो कोई लिखित सहमति ली गई और न ही कोई पूर्व सूचना या नोटिस दिया गया, जो विद्युत संबंधी प्रावधानों और प्रक्रियाओं के विपरीत है। किसान ने मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## पंचक के आखिरी दिन भी सबसे ज्यादा बरसी आग

**राजिम।** नौतपा खत्म होने के बाद भी गर्मी का असर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दो जून को नौतपा समाप्त हो गया था और रविवार सात जून को पांच दिनों से चल रहा पंचक भी समाप्त हो गया, लेकिन इसके बावजूद आसमान से मानो आग बरसती रही। पूरे दिन तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल किए रखा। सुबह से ही सूर्यदेव के तेवर इतने तीखे रहे कि सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया। दोपहर के समय शहर और ग्रामीण इलाकों में वातावरण पूरी तरह तपता नजर आया।

इस वर्ष की गर्मी को लेकर समाजसेवी कैलाश शुक्ला का कहना है कि उन्होंने पहले कभी इतनी विकराल गर्मी महसूस नहीं की। आमजन, व्यापारी, मजदूर, किसान और नौकरीपेशा लोग सभी इस भीषण तापमान से परेशान रहे। इस बार गर्मी ने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। घरों के भीतर भी राहत नहीं मिल रही है, पंखे और कूलर भी गर्म हवा फेंकते नजर आए। श्री शुक्ला ने कहा कि सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बाहर काम करने वाले लोगों को उठानी पड़ी। तेज धूप और लू के कारण दोपहर के समय बाजारों में भी सन्नाटा देखने को मिला। आवश्यक काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले। कई स्थानों पर लोग पेड़ों की छांव और ठंडे पानी की तलाश करते नजर आए। गर्मी के कारण लोगों की दिनचर्या भी पूरी तरह प्रभावित हुई। लगातार बढ़ते तापमान ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। अब लोगों की निगाहें मानसून पर टिकी हुई हैं। हर कोई बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहा है ताकि इस भीषण गर्मी से राहत मिल सके।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130






## खबर संक्षेप

### बाइक से विधायक जनक आज पहुंचेंगे कंवरआमा, नारीपानी

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत पहाड़ी के उपर बसे विशेष पिछड़ी आदिवासी कमार जनजाति ग्राम कंवरआमा, नारीपानी में आजादी के बाद पहली बार बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र



के विधायक जनक ध्रुव 9 जून दिन मंगलवार को पहुंचेंगे। ग्राम पंचायत तुहामेटा के आश्रित ग्राम जो दुर्गम पहाड़ी के उपर बसा है कंवरआमा, नारीपानी जहां आज तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क तो दूर ठीक से पगडंडी सड़क भी नहीं बन पाई है और यहां के ग्रामीण राशन चांवल दाल लेने इसी पगडंडी मार्ग से 8 किमी दूर तुहामेटा आते हैं। विधायक जनक ध्रुव पहली बार इस ग्राम मे पहुंच रहे हैं, जिसके चलते ग्रामीणो में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। उक्त जानकारी ग्राम पंचायत तुहामेटा के सरपंच सुबेसिंह सोरी ने देते हुए सभी को उपस्थित होने की अपील की है।

### सांस्कृतिक मंच के समर कैंप में 100 बच्चे पहुंचे

**अभनपुर।** ग्राम गिरोला में भगत सिंह सांस्कृतिक मंच द्वारा दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। पिछले सात वर्षों से आयोजित हो रहे इस शिविर में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लेकर विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समर कैंप के दौरान 100 मीटर दौड़, क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, चित्रकला, रंगोली, शतरंज, कैरम, रस्साकशी, मटकी फोड़, कुर्सी दौड़ एवं चम्मच-बाटी दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मंच के युवा नंदकिशोर साहू ने कहा कि बच्चों को मोबाइल और नशे जैसी बुरी प्रवृत्तियों से दूर रखकर खेल, संस्कृति, नैतिकता और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से भगत सिंह, ज्योतिबा फुले, सुभाष चंद्र बोस और चंद्रशेखर आजाद जैसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस मौके पर नोहर साहू, चमेली साहू, लखन साहू,गणेश साहू प्रीतम, दीपक, टार्जन, वासु, निहाल, लक्की, यमन, नीलकमल, करण, गौरी, धारणी, प्रतिभा, मेघा, यामिनी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### दैवेभो संघ के प्रदेशाध्यक्ष ने मनाया जन्मदिन

**अरंड (पिथौरा)।** छग दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार सिन्हा का जन्मदिन मनाया गया। इस संबंध में संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी शोभाराम ध्रुव ने बताया कि इनके मार्गदर्शन में व सकुशल नेतृत्व में वर्ष 2018 में 22 दिनों तक अनिश्चितकालीन हड़ताल, वर्ष 2022 में 34 दिन का अनिश्चितकालीन हड़ताल तथा वर्ष 2024 में 48 दिनों तक लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल का आयोजन किया गया था। प्रत्येक हड़ताल को सिंहा द्वारा चुनौती पूर्ण ढंग से संघर्ष कर सफलता हासिल किया गया।

### शहर के अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**महासमुंद।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित शहर के एक मात्र अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय तथा सभी शासकीय महाविद्यालय में स्नातक के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल 01 जून 2026 से प्रारंभ हो गया है, जो छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में स्नातक सस्तर पर संचालित कक्षाएं बीए, बीकॉम, बीएससी (कंप्यूटर साइंस), बीएससी (गणित) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेना चाहते हैं वे विश्वविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन पोर्टल से अपना फॉर्म भर सकते हैं। महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम बीए. प्रथम सेमेस्टर 60 सीटें, बीकॉम. प्रथम सेमेस्टर 90 सीटें, बीएससी (कंप्यूटर साइंस) प्रथम सेमेस्टर 60 सीटें, बीएससी (गणित) प्रथम सेमेस्टर 60 सीटें महाविद्यालय में संचालित है।

---

दिवस : पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# पुजेरिन दाई मंदिर परिसर में जिला साहू संघ ने किया पौधारोपण, लिया सुरक्षा का संकल्प







हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को लेकर साहू समाज द्वारा पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 7 जून को जिला साहू संघ गरियाबंद एवं ग्रामीण साहू समाज किरवई के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम किरवई स्थित पुजेरिन दाई माता मंदिर प्रांगण में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला साहू संघ, तहसील, परिक्षेत्र, नगर एवं ग्रामीण इकाइयों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान पौधों के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प भी लिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि पर्यावरण को हरा-भरा बनाना, भू-जल स्तर में सुधार लाना तथा लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष प्रवीण साहू ने उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पेड़ धरती के फेफड़े हैं, जो हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। महिला उपाध्यक्ष पुष्पा साहू ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों, सामाजिक जनों एवं सर्वसमाज के लोगों को एक-एक पौधा भेंट कर वृक्षारोपण तथा संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर देवराज साहू, पुष्पा साहू, जगदीश साहू, सोमप्रकाश साहू, राजेश साहू, गुंजन साहू, डॉ. महेंद्र साहू, चंदन साहू, मुकेश साहू, शेखर साहू, मोमिन साहू, ईश्वर साहू, मनोहर लाल साहू, गैंदलाल साहू, नारायण लाल साहू, मिंजून साहू, देवकुमारी हेमंत साहू, कमलेश साहू, रमेश साहू, ललित राम साहू, तुलाराम साहू, अरुण साहू, जगन्नाथ साहू, हेमंत साहू, भुनेश्वर साहू सहित सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## साहू संघ के पदाधिकारियों ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरेन्द्र साहू ने आई.टी. सेल प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों की मौजूदगी में पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाएं एवं उनकी नियमित देखभाल करे। आई.टी. सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू ने कहा कि बढ़ते तापमान और जल संकट को देखते हुए पौधारोपण अब केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाए और उसका संरक्षण करने के साथ-साथ वर्षा जल संचयन एवं जल के सदुपयोग का संकल्प ले। प्रकृति की रक्षा ही आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी है। प्रदेश प्रभारी महामंत्री मनीष साहू ने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव हैं। प्रत्येक व्यक्ति यदि वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का संकल्प ले, तो पर्यावरण संतुलन स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। साहू समाज सदैव सामाजिक सरोकारों के साथ पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों ने पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने और अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया तथा समाज के प्रत्येक परिवार से इस जनहित अभियान में सहभागी बनने का आग्रह किया। कार्यक्रम में आई.टी. सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू, राष्ट्रीय युवा सचिव ,मनीष साहू, सुखुराम साहू,सेवन साहू,मुन्ना साहू,भीष्म साहू,ओम साहू,नीतीश साहू,शिव साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे।



## कॉलेज के रासेयो स्वयंसेवकों ने रोपे पौधे और दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**छुरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कचना ध्रुवा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी आर. आर. कुर्रे के मार्गदर्शन में हुआ।

महाविद्यालय परिसर में रासेयो की महिला एवं पुरुष इकाई के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान आम, अमरूद, जामुन जैसे फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। स्वयंसेवकों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधों की सुरक्षा का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी प्राध्यापक तरुण निर्मलकर ने उद्बोधन देते हुए कहा, वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह हर दिन पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देता है। रासेयो के छात्र समाज निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

कार्यक्रम अधिकारी आर. आर. कुर्रे ने कहा, रासेयो का उद्देश्य छात्रों में सेवा भाव के साथ पर्यावरण चेतना जगाना है। फलदार पौधे लगाने से आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा के साथ पोषण भी मिलेगा। हर स्वयंसेवक कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे।

कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने पर्यावरण बचाने की शपथ ली। महिला इकाई की छात्रा धारणी और पुरुष इकाई के छात्र अजय ठाकुर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नेता रतीराम साहू के निधन पर नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया अंतिम संस्कार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



नगरपालिका परिषद नवापारा की पूर्व अध्यक्ष देहुति साहू के पति तथा अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता, तहसील साहू समाज के संरक्षक रतीराम साहू 71 वर्ष का सोमवार सुबह 11:40 बजे निधन हो गया। राजधानी रायपुर स्थित एमएमआई अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शाम लगभग पांच बजे उनके पार्थिव शरीर को परिजन नवापारा लेकर पहुंचे, जहां मुक्तिधाम में पूरे विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र भूपेंद्र साहू ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान वातावरण बेहद भावुक रहा और बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर विशेष रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू, अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू, सहित साहू समाज, ब्राह्मण समाज, सतनामी समाज, आदिवासी समाज जैन समाज, निषाद समाज, कंसारी समाज, ढीमर समाज, कलार समाज, सिंधी समाज, गुजराती समाज एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विधायक इंद्रकुमार साहू एवं वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू ने रतीराम साहू के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने रतीराम साहू के शोक संतिप्त परिवार से मिलकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा वे शुरू से ही भाजपा के कर्मठ सिपाही रहे हैं और क्षेत्र में जमीनी स्तर के नेता के रूप में जाने जाते थे। उनका सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा, संगठन की मजबूती, सामाजिक एकता एवं युवा पीढ़ियों को मार्गदर्शन देने में समर्पित रहा। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करें।

## भूमि विवाद सुलझने की पहल, स्कूल विकास के लिए खुल सकते हैं नए रास्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



■ शाला विकास समिति की बैठक में शिक्षकों की कमी और विद्यालय विकास के मुद्दों पर मंथन

नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ से पूर्व सोमवार को क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहरसी में शाला विकास समिति की बैठक हुई। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षकों की उपलब्धता, विद्यार्थियों की संख्या, अधोसंरचना विकास तथा अन्य आवश्यक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार विद्यालय में व्याख्याता (संस्कृत), व्याख्याता (अंग्रेजी), व्याख्याता (रसायन), सहायक शिक्षक (विज्ञान) सहित कुल 6 शिक्षकों के पद तथा प्राचार्य का पद रिक्त है। वहीं माध्यमिक स्तर पर भी एक प्रधान पाठक और एक शिक्षक की कमी बनी हुई है। विद्यालय में वर्तमान में लगभग 162 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जबकि माध्यमिक खंड में लगभग 106 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। समिति के सदस्यों ने चिंता जताई कि शिक्षकों के रिक्त पदों के कारण शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं।

बैठक में विद्यालय में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार, रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। समिति ने सर्वसम्मति से संबंधित विभाग को रिक्त पदों की जानकारी भेजकर जल्द नियुक्ति की मांग करने का निर्णय लिया।

**भूमि विवाद के समाधान से विकास कार्यों की उम्मीद-** बैठक में विद्यालय परिषद परिसर की उस भूमि का मुद्दा भी चर्चा का केंद्र रहा, जिस पर लंबे समय से न्यायालयीन विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों ने समिति को अवगत कराया कि आपसी सहमति और राजीनामे के माध्यम से

**फनी अवॉर्ड्स और यादगार पलों ने बनाया कार्यक्रम को खास**

## वर्ष 2000 बैच के छात्र-छात्राओं का पुनर्मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा से वर्ष 2000 में दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं का पुनर्मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को मित्रोत्सव-2026 नाम दिया, जो दोस्ती, अपनत्व और यादों का अनूठा उत्सव बन गया। लगभग 25 वर्षों बाद एक-दूसरे से मिल रहे सहपाठियों के चेहरों पर उत्साह साफ झलक रहा था। स्कूल से निकलने के बाद कोई उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहर चला गया, तो कोई नौकरी, व्यवसाय और पारिवारिक जिम्मेदारियों में व्यस्त हो गया। छात्राओं की शादी के बाद वे भी देश के विभिन्न नगरों में बस गईं। समय के साथ संपर्क कम होता गया, लेकिन दिलों में दोस्ती का रिश्ता हमेशा जीवित रहा। कुछ साथियों ने वर्षों बाद अपने पुराने मित्रों को सोशल मीडिया के माध्यम से तलाशना शुरू किया। धीरे-धीरे एक-एक कर सभी मित्र जुड़ते गए और फिर एक व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए पुनर्मिलन की योजना बनी। कार्यक्रम की शुरूवात सरस्वती वंदना से की गई। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने वाले सभी मित्रों का पुष्प वर्षा, तिलक एवं ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। जैसे ही वर्षों बाद मित्र एक-दूसरे के सामने आए, मानो समय थम सा गया। किसी ने अपने बचपन के दोस्त को गले लगाया तो किसी की आंखें खुशी से नम हो गईं। इस अवसर पर मध्यप्रदेश, तेलंगाना छत्तीसगढ़ के कई शहरों में रहने वाली कई छात्राएं भी विशेष रूप से शामिल होने पहुंचीं। दूरियों और व्यस्तताओं को पीछे छोड़कर सभी ने इस मिलन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने स्कूल जीवन की अनगिनत यादों को साझा किया। कभी क्लासरूम की शरारतें, कभी शिक्षकों की डांट, तो कभी खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की यादें सुनाकर सभी ठहाके लगाते रहे। सभी साथियों ने अपने जीवन संघर्षों और उपलब्धियों को भी साझा किया, जिससे कार्यक्रम भावनात्मक रंग में भी रंग गया। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक और मनोरंजक हिस्सा रहा /"फनी अवॉर्ड समारोह/"। सोशल मीडिया ग्रुप में साथियों की सक्रियता, आदतों और व्यवहार को आधार बनाकर कई मजेदार पुरस्कार दिए गए।



### बेलर में कांशी वाराणसी का रामलीला महोत्सव जारी

**छुईहा बेलर।** ग्राम बेलर कार्यक्रम स्थल-बजरंग चौक-में धर्म प्रचारक संस्थान काशी वाराणसी उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा हिन्दू संस्कृति एवं जगत कल्याण के तिए 6 दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव का विशाल आयोजन 4 से 9 जून तक प्रतिदिन रात्रि 8 से 11 बजे तक जारी है। अब तक श्रीराम जन्म, मुनी आगमन, ताड़का मारीच, सुबाहु सीता स्वयंवर, रावण वाणासुर संवाद, लक्ष्मण परशुराम संवाद, सीताराम विवाह,सुर्पणखा नकछेदन, सीताहरण, रामविलाप प्रसंग पर रामलीला नाटक की प्रस्तुति हो चुकी है। वहीं सोमवार- लक्ष्मण शक्तिबाण मंगलवार-रावण वध, भरत मिलाप, श्रीराम राज्याभिषेक एवं चढ़ौत्री का कार्यक्रम होना है।

यह आयोजन बेलर की समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ही रखा गया है। प्रतिदिन महिला, पुरूष, बच्चों सहित ग्रामिणो आयोजन का लाभ ले रहे हैं। कार्यक्रम संचालक प्रदीप कुमार ,वयवस्थापक पं. मनोज कुमार है।


मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
मा. रमन सिंह
मा. अरुण साव
मा. विजय शर्मा
मा. दयाल दास बघेल
मा. तोखन साहू
मा. रूपकुमारी चौधरी
मा. चंदूलाल साहू
मा. चुन्नीलाल साहू
मा. किरण देव सिंह
मा. गौरीशंकर कश्यप
मा. संतोष उपाध्याय
मा. अनिल चन्द्राकर
मा. चन्द्रशेखर साहू
मा. मंजूलता हरित
मा. गोरी ध्रुव
मा. राजू साहू
मा. पन्ना साहू
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
जीवेत शरदः शतम्
एक पेड़ माँ के नाम
विधायक की अपिल
एक पेड़ मां
के नाम अपने गांव में
अवश्य लगाएं
मा. विजय कंडरा
प्रतिनिधि विधायक राजिम
मा. रूपसिंह साहू
सामाजिक कार्यकर्ता
मा. रामाधार साहू
मंत्री किसान मोर्चा जि. भाजपा
पूर्व सरपंच सेंदर
आप जियो हजारों साल - हर साल के दिन हों पचास हजार
राजिम विधान सभा के लाड़ले जनसेवक
किसान पुत्र, जन-जन के नेता आदरणीय विधायक महोदय
श्री रोहित साहू जी को 9 जून
जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं
अनंत शुभकामनाएं
09 जून
धरती के बेटे, सेवा के प्रतीक, खेत-खलिहान की माटी से जुड़े,
किसान परिवार में जन्मे, जनता की सेवा को धर्म मानने वाले,
राजिम की शान, छत्तीसगढ़ की आन...
आपके जन्मदिन पर ईश्वर से प्रार्थना है
*माँ राजीव लोचन* आपको दीर्घायु करें, *भोलेनाथ* की कृपा सदा आप पर बनी रहे
आपका राजनीतिक जीवन *यशस्वी, गौरवशाली और प्रगति* से परिपूर्ण हो
मा. रोहित साहू जी
विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र
ओमप्रकाश साहू
पूर्व सरपंच चरभट्ठी, एस.के. ट्रेडर्स
संगीता ओम प्रकाश साहू
पूर्व सरपंच चरभट्ठी, एस.के. ट्रेडर्स
पद्मा मोती निषाद
सरपंच बिजली
मोती निषाद
पूर्व सरपंच बिजली, अध्यक्ष जि. निषाद
अमिता मनोज यदु
सरपंच सरकड़ा
शेखर निषाद
उपसरपंच सरकड़ा
रुपेश साहू
भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता
रेणुका हिरु डहरे
सरपंच ग्राम पं. जामगांव
हिरु डहरे
सरपंच प्रतिनिधि जामगांव
सविता चुम्मन सिन्हा
सरपंच भेंड्री
चुम्मन सिन्हा
सरपंच प्रतिनिधि भेंड्री
हुमन राजकुमार सिन्हा
सरपंच बोरिद
नरेश टंडन
उपसरपंच बोरिद
हरिराम साहू
अध्यक्ष साहू समाज परिक्षेत्र बेलर
गजेन्द्र निषाद
पूर्व सरपंच बिजली
किर्ती गजेन्द्र निषाद
सदस्य खनिज न्यास पूर्व जनपद सभापति
देवेन्द्र वर्मा
सरपंच सिर्रीखुर्द
मदन साहू
भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता
गामणी राकेश घृतलहरे
सरपंच सेंदर
राकेश घृतलहरे
सरपंच प्रतिनिधि सेंदर
टिकेश साहू
पूर्व सरपंच सिर्रीखुर्द
अरूण ध्रुव
सरपंच लचकेरा
जीतु ज्योति रवि बघेल
सरपंच गुंडरदेही
योगिता दिनेश शुक्ला
सरपंच खैरझिटी
दिनेश शुक्ला
सरपंच प्रतिनिधि खैरझिटी
सुकदेव साहू
सरपंच बारूला
सुमन लेख राम रात्रे
सरपंच बेलर
लेखराम रात्रे
सरपंच प्रतिनिधि बेलर
खोमन साहू
बेलर अध्यक्ष साहू समाज तहसील
रामजी साहू
भाजपा जिला मंत्री
भागीरथी सिन्हा
संवाददाता हरिभूमि
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्ता, सरपंच एवं क्षेत्रवासी
संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता, छुईया मो. 9589469068




प्रस्तुति - उत्कर्ष शर्मा रिपोर्टर ब्यूरो कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं. 9752106022, दीपक साहू, संवाददाता सुरसाबांधा, मो. 8959346055

जीवेत शरदः शतम्

राजिम विधानसभा क्षेत्र के यशस्वी विधायक
मान. रोहित साहू जी को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

एक पेड़ माँ के नाम
" वृक्ष लगायें पुण्य कमायें "

मान. रोहित साहू जी
विधायक, राजिम

श्रीमती सति अनुसुइया साहू — सरपंच
श्री शिव साहू — सरपंच प्रतिनिधि
श्री गजेन्द्र कुमार साहू — उपसरपंच
श्री कोमल राम साहू — सचिव

पंचगण:-
श्री मनीष साहू, श्री बलराम सेन, श्री भागवत साहू, श्रीमती पुष्पा साहू, श्रीमती सोहद्रा बाई साहू, श्रीमती जागेश्वरी रात्रे, श्री हेमंत कुमार सिन्हा, श्री खुमेश कुमार निर्मलकर, श्री सुखरू निषाद, श्री परस राम निषाद

श्रीमती सोनी साहू, श्रीमती कुंजिनी निषाद, श्री बलीराम साहू, श्रीमती सोहद्रा निषाद, श्रीमती टिकेश्वरी साहू, श्रीमती दीपा बाई यादव, श्रीमती मोंगरा निषाद, श्रीमती रैनी बाई ध्रुव, श्रीमती नूतन यादव, पुष्पक देवांगन (ऑपरेटर), प्रमोद निषाद (भृत्य)

विनीत- ग्राम पंचायत बोरसी जनपद पंचायत फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

किसानों के साथी, विकास की गंगा बहाने वाले भाई
रोहित साहू जी को
आज उनके जन्मदिवस के
अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें
"स्वस्थ रहे, मस्त रहे, दीर्घायु हो"
आपका जन्मदिवस शानदार हो।

Happy Birthday To You

मान. रोहित साहू
विधायक, राजिम

शुभेच्छु:- अंचल के प्राधिकृत अध्यक्ष

एक पेड़ माँ के नाम
"सांसे हो रही है कम, आओ पेड़ लगायें हम"

श्री अश्वनी विश्वकर्मा — फिंगेश्वर
श्री ईश्वरलाल साहू — भसेरा
श्री छन्नूराम साहू — बोरसी
जनक श्रीवास — परसदाकला
श्री कोमल ढीढी — लचकेरा (जामगांव)
श्री ईतवारी राम सिन्हा — चरोदा
श्री बंशीलाल रात्रे — गुंडरदेही

संकलनकर्ता- दीपक पोद्दार हरिभूमि संवाददाता फिंगेश्वर, विज्ञापन एवं समाचार के लिये संपर्क करें- मो.-9826377127

युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत विकास के सारथी भाई
रोहित साहू जी के
जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
जीवेत शरदः शतम्

"काटो मत किसी पेड़ को बबूल हो चंदन"

9 मई
को आपके जन्मदिवस पर
हम करते हैं आपका अभिनंदन।

एक पेड़ माँ के नाम
एक पेड़ माँ के नाम से अपने-अपने घर, आंगन में एक पेड़ अवश्य लगायें।

मान. रोहित साहू
विधायक, राजिम

विनीत:- एक शुभचिंतक दरीपार रोड, फिंगेश्वर

## अपने जन्मदिन पर क्षेत्रवासियों को देंगे करोड़ों की सौगात

# पांडुका में आज भूमिपूजन-लोकार्पण समारोह, विधायक साहू होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

आज 9 जून मंगलवार को टीन शेड,मास्क लाइट का लोकार्पण एवं मां गायत्री मंदिर भवन,साहू समाज भवन, हाईस्कूल भवन का भूमिपूजन विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में होगा। आज का दिन बहुत खास है क्योंकि विधायक रोहित साहू का जन्मदिन भी है। आज अपने लाडले विधायक का जन्मदिन पांडुका में ऐतिहासिक मनाने की तैयारी की जा रही है। विधायक के आगमन को लेकर पूरे गांव में उत्साह और उल्लास का माहौल है। ग्रामवासियों द्वारा उनके ऐतिहासिक स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से की गई हैं। गांव के मुख्य मार्गों से लेकर आयोजन स्थल तक सजावट की गई है और जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए हैं। विधायक रोहित साहू के जन्मदिन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। ग्राम पंचायत सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने उनके स्वागत के लिए विशेष तैयारी की है। बताया जा रहा है कि इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहेंगे और विधायक का आत्मीय अभिनंदन करेंगे। विधायक रोहित साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि वे अपने जन्मदिन के अवसर पर पांडुका क्षेत्र को करोड़ों रुपये की विकास सौगात देने जा रहे हैं। कहा कि ग्रामवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण कार्यों की घोषणा की जाएगी। इस दौरान साहू समाज भवन के निर्माण हेतु भूमिपूजन किया जाएगा, जिससे समाज के लोगों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा पांडुका स्थित प्राचीन एवं आस्था के केंद्र गायत्री मंदिर के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य के लिए भी भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



विधायक ने कहा कि धार्मिक और सामाजिक स्थलों के विकास से गांव की पहचान और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने आगे बताया कि गांव में स्ट्रीट लाइट, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, सड़क, नाली तथा अन्य आवश्यक विकास कार्यों को लेकर भी घोषणाएं की जाएंगी। विधायक ने कहा कि पांडुका के विकास के लिए जो भी आवश्यक होगा, उसे पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया जाएगा। ग्राम पंचायत के सरपंच भानू ध्रुव ने बताया कि विधायक रोहित साहू के आगमन को लेकर पूरे गांव में उत्सव जैसा वातावरण है। ग्रामीणों द्वारा उनके स्वागत के लिए भव्य तैयारी की गई है। कहा कि विधायक क्षेत्र के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि हैं और गांव के विकास के प्रति उनकी सक्रियता को देखते हुए लोगों में विशेष उत्साह है। आज का यह आयोजन केवल जन्मदिन समारोह नहीं बल्कि पांडुका के विकास की नई शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है। ग्रामवासियों को उम्मीद है कि विधायक रोहित साहू की घोषणाओं से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

## सरपंच ने पेश की सेवा की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

ग्राम पंचायत सुरसाबांधा के सरपंच घनश्याम साहू ने जनहित और ग्राम विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए तालाब पहुंच मार्ग निर्माण कार्य में स्वयं श्रमदान कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। जहां आमतौर पर जनप्रतिनिधि निर्माण कार्यों की निगरानी तक सीमित रहते हैं, वहीं सरपंच घनश्याम साहू ग्रामीणों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर श्रमदान करते नजर आ रहे हैं। गांव के प्रमुख तालाब तक आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से बनाए जा रहे मार्ग के निर्माण में सरपंच स्वयं फावड़ा और तसला लेकर कार्य कर रहे हैं। उनके साथ पंचायत के पंच, उपसरपंच तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण भी श्रमदान कर निर्माण कार्य में योगदान दे रहे हैं। सामूहिक सहभागिता से कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच का यह प्रयास केवल एक मार्ग निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के बीच सहयोग एवं सहभागिता की भावना को भी मजबूत कर रहा है। सरपंच के श्रमदान से गांव में विकास कार्यों के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है तथा युवाओं और ग्रामीणों को समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की प्रेरणा मिल रही है। ग्रामवासियों ने सरपंच घनश्याम साहू की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि यदि स्वयं मैदान में उतरकर कार्य करें तो विकास योजनाओं के प्रति लोगों का विश्वास और सहभागिता दोनों बढ़ते हैं। सुरसाबांधा में तालाब मार्ग निर्माण के लिए चल रहा यह श्रमदान अभियान ग्राम एकता, जनसहयोग और विकास की नई मिसाल बन रहा है।

- तालाब मार्ग निर्माण में स्वयं श्रमदान कर विकास कार्यों को दी गति





### खरीफ फसल : खाद का वितरण शुरू

छुरा। आगामी खरीफ फसल हेतु किसानों द्वारा सहकारी समितियों से रासायनिक उर्वरक यूरिया, डीएपी, एसएसपी एवं पोटास उठाव किया जा रहा है। इस बार सभी समितियों में किसानों के मांग अनुसार पर्याप्त मात्रा में भंडारण सभी सहकारी समितियों में किया गया है। वर्तमान में विगत वर्ष की तुलना में किसानों को भूमि के आधार पर 80 प्रतिशत यूरिया एवं 60 प्रतिशत डीएपी किसानों को वितरण किया जा रहा है। शेष 20 प्रतिशत एवं 40 प्रतिशत उर्वरक की पूर्ति नैनो यूरिया,नैनो डीएपी, एसएसपी, एनपीके के माध्यम से करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतों में कृषि विभाग द्वारा खेत बचाओ अभियान चला कर जैव उर्वरक रूप में ढेंचा मूंग एवं नील हरित काई के रूप में नाइट्रोजन उर्वरक के पूर्ति के बारे जागरूक की जा रही है। अगर धान के खेत में ढेंचा मूंग बीज का बोआई करके 35-40 बाद जमीन में जुताई करके मिला देते है तो जमीन का जलधारण क्षमता, एवं कार्बनिक पदार्थ की मात्रा में वृद्धि होगी, जिससे किसान भाई खेती का लगत कम होगा।








संकलनकर्ता : गोरेलाल सिन्हा, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख जिला - गरियाबंद, मो.: 9993223300

उरेन्द्र साहू, कोपरा

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 जून 2026



**खबर संक्षेप**

### विधायक रोहित साहू के जन्मदिवस पर विभिन्न पंचायतों में होगा भूमिपूजन

**मुड़ागांव (कोरासी)।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के जन्मदिवस के अवसर पर 9 जून को छुरा विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत अकलवारा में ध्रुव गोंड़ समाज भवन, ग्राम पंचायत अमलोर में सीसी रोड निर्माण, कसेकेरा में टीन शेड निर्माण, ग्राम पंचायत नवापारा (भ) में शीतला सामुदायिक भवन तथा खोपली पाठ धाम में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। इसके अलावा देवगांव-खड़मा में लगभग 32 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड सहित अन्य विकास कार्यों का भी भूमिपूजन प्रस्तावित है।



कार्यक्रम में भाजपा मंडल खड़मा अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, महामंत्री पालेन्द्र साहू, गुलशन सिन्हा सक्रिय कार्यकर्ता जनपद सदस्य पुष्पलता सिन्हा, सरपंच गोवर्धन दीवान, शक्ति केंद्र संयोजक उमेद सिंह दीवान, नंदकुमार सेन, संतोष पटेल, दुर्जन साहू, खेमराज साहू, माखन दीवान, कैलाश साहू, छन्नूराम साहू, सोमप्रकाश साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। ग्राम पंचायत खड़मा से सरपंच जगबाई ध्रुव, उपसरपंच रेखचंद साहू तथा भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं की भी कार्यक्रम में सहभागिता रहेगी। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने और जनसुविधाओं के विस्तार को लेकर विशेष चर्चा की जाएगी।

### सुपेबेड़ा क्षेत्र को मिलेगी स्वच्छ पेयजल की सौगात

**मैनपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रें में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और जनजीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखंड के दूरस्थ एवं विशेष पिछड़े क्षेत्र सुपेबेड़ा तथा आसपास के गांवों के लिए बहुप्रतीक्षित जल प्रदाय योजना तेजी से मूर्त रूप ले रही है। सुपेबेड़ा जल प्रदाय योजना के लिए 10 करोड़ 34 लाख 32 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य को 5 जुलाई 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जल प्रदाय योजना की टेस्टिंग प्रक्रिया 30 जून से प्रारंभ होने की संभावना है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होने पर सुपेबेड़ा, सागुनबाड़ी, मोटरापारा, निष्ठीगुड़ा, सेंधमुड़ा, खोकसरा, खम्हारगुड़ा, परवापाली एवं ठिरलीगुड़ा सहित कुल 9 गांवों के नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होगा। योजना के अंतर्गत सेंधमुड़ा घाट क्षेत्र में तेल नदी पर इंटेकवेल का निर्माण किया जा रहा है। सुपेबेड़ा में 75 हजार लीटर क्षमता वाले उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण किया जा चुका है तथा जल शोधन (फिल्टर) संयंत्र का कार्य प्रगति पर है। यहां से शुद्ध पेयजल की पंपिंग कर संबंधित गांवों में निर्मित अलग–अलग जल टंकियों तक पहुंचाया जाएगा, जहां से घर–घर नल कनेक्शन के माध्यम से आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के 2 हजार 74 परिवारों को घर–घर नल कनेक्शन का लाभ मिलेगा। जिससे वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का स्थाई समाधान मिलेगा। जिला मुख्यालय गरियाबंद में संभागीय समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुपेबेड़ा एवं आसपास के गांवों में जल उपलब्धता को और सुदृढ़ करने के लिए 7 करोड़ रुपये की लागत से एनीकट निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की है।

# मुख्यमंत्री साय ने सुपेबेड़ा को दी संजीवनी, किसानों को सिंचाई का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

■ जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने मुख्यमंत्री के प्रति जताय आभार

गरियाबंद जिले के देवभोग ब्लॉक अंतर्गत किडनी प्रभावित ग्राम सुपेबेड़ा सामूहिक जलप्रदाय योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मंजूर 7 करोड़ रुपये का एनीकट एक मजबूत सपोर्ट सिस्टम का काम करेगा। एनीकट के निर्माण से सालभर जल उपलब्धता सुनिश्चित होगी और गर्मी के दिनों में भी योजना को तेल नदी से पर्याप्त पानी मिलता रहेगा। इससे न केवल पेयजल आपूर्ति की चिंता दूर होगी, बल्कि क्षेत्र में वाटर लेवल बढ़ने और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार का भी लाभ मिलेगा। एनीकट बनने के बाद जलप्रदाय योजना के इंटेक वेल के आसपास सालभर नमी और जलभराव बना रहेगा। इससे नदी में जल उपलब्धता को लेकर बनी रहने वाली चिंता समाप्त हो जाएगी. सिंचाई विभाग द्वारा प्रस्तावित इस एनीकट के निर्माण से न केवल जलप्रदाय योजना को मजबूती मिलेगी, बल्कि आसपास के क्षेत्रें में भूजल स्तर भी रिचार्ज होगा. इसके अलावा कृषि और उद्यानिकी कार्यों के लिए सालभर एक निर्धारित रकबे में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप और प्रभावित क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य देशबंधु नायक ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देवभोग क्षेत्र के लिए यह योजना किसी संजीवनी से कम नहीं है।

**7 करोड़ का एनीकट बनेगा जलप्रदाय योजना का सपोर्ट सिस्टम**






### सुपेबेड़ा सामूहिक जलप्रदाय योजना से 9 ग्रामों को मिलेगा लाभ

विगत सात वर्षों से सुपेबेड़ा सामूहिक जलप्रदाय योजना पर काम चल रहा था आखिरकार वर्ष 2024 में जल जीवन मिशन के तहत 8 करोड़ रुपये की इस योजना को मंजूरी मिली योजना के तहत तेल नदी के पानी को सुपेबेड़ा में स्थापित किए जा रहे ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाकर 9 गांवों के 2074 परिवारों को प्रतिदिन 55 लीटर पेयजल उपलब्ध कराया जाना है इसके लिए तेल नदी के तट पर 21 मीटर ऊंचा इंटेक वेल बनाया जा रहा है यह संरचना सतही जल के साथ–साथ 9 मीटर गहराई तक उपलब्ध नदी के पानी को भी ग्रहण कर सकेगी इसके बाद हाई पावर पंप के माध्यम से पानी को ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाया जाएगा जहां शुद्धिकरण के बाद 75 केएल क्षमता वाले ओवरहेड टैंक में संग्रहित किया जाएगा। वहां से पाइपलाइन के जरिए गांवों तक पेयजल की आपूर्ति होगी. विभाग के अनुसार योजना का लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और इस वर्ष के अंत तक जल आपूर्ति शुरू होने की संभावना है।

## बैठक : अधिकारियों की अनुपस्थिति और धीमी विकास रफ्तार पर भड़के जनप्रतिनिधि

# जपं की सामान्य सभा में अनुपस्थित अधिकारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

■ जनपद पंचायत सामान्य सभा में विभागीय कार्यों की समीक्षा

जनपद पंचायत गरियाबंद की सामान्य सभा की बैठक जनपद पंचायत अध्यक्ष सोहन ध्रुव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सीईओ नम्रता शर्मा भी मौजूद रही। बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस दौरान कई विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति, अधूरी जानकारी और विकास कार्यों की धीमी प्रगति को लेकर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की।

बैठक में सबसे अधिक चर्चा वन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर हुई। जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव एवं उपाध्यक्ष लेखराम साहू ने कहा कि गरियाबंद और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुए की लगातार आमद से लोगों में भय का माहौल है। हाल के दिनों में तेंदुए द्वारा तीन बच्चों पर हमले की घटनाएं सामने आई हैं, इसके बावजूद वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हुए। सदस्यों ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए वन स्थायी समिति की नियमित बैठक नहीं होने पर भी सवाल उठाए। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (वन) को प्रतिवेदन भेजकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। सामान्य सभा में कृषि, उद्यानिकी, खाद्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पशु चिकित्सा, लोक निर्माण, जल संसाधन तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं एवं प्रगति की समीक्षा की गई। हालांकि कई विभागों द्वारा अधूरी और अस्पष्ट जानकारी प्रस्तुत किए जाने पर सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति और प्रगति की स्पष्ट जानकारी सदन को नहीं दी जा रही है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा खाद एवं बीज वितरण की स्थिति तथा भंडारण व्यवस्था की जानकारी दी गई। इस दौरान सदस्यों ने कहा कि शासन द्वारा दलहन एवं तिलहन फसलों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन कृषि एवं सहकारिता विभाग के बीच समन्वय की कमी के कारण कई किसान इन योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

उद्यानिकी विभाग ने किसानों के लिए संचालित योजनाओं और अनुदान की जानकारी दी, वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग ने वंदना योजना सहित विभिन्न महिला एवं बाल कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति से सदन को अवगत कराया।

बैठक में उपाध्यक्ष लेखराम साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य आवास योजनाओं की समीक्षा करते हुए अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा लंबित किश्तों का भुगतान समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सोखता गड्ढा निर्माण और जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया।

सदन में ई-केवाईसी कार्य की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित ऑपरेटरों पर कार्रवाई की मांग की गई। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्वीकृत आहाता निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच कराने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

**तेंदुआ के आतंक पर वन विभाग घिरा**



## निजी राजस्व भूमि पर खेती को रोककर अवैध वसूली का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ग्राम एवं पंचायत खुंडियाडीह निवासी हरेन्द्र कंवर ने वन विभाग के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों पर निजी राजस्व भूमि में खेती कार्य रोकने, धमकाने तथा अवैध वसूली करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की लिखित शिकायत क्षेत्रीय विधायक एवं वन मंडलाधिकारी गरियाबंद को सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।





■ पीड़ित ने की विधायक व डीएफओ से शिकायत

शिकायतकर्ता हरेन्द्र कंवर ने बताया कि उनकी निजी राजस्व भूमि खसरा क्रमांक 27, रकबा 1.600 हेक्टेयर पर 14 मई 2026 को जेसीबी मशीन से खेत समतलीकरण का कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान बोडराबांधा बीट की वन रक्षक लक्ष्मी कोमरा, डिप्टी रेंजर कमल नेताम तथा पाटसिवनी बीट के वनरक्षक घनश्याम ध्रुव मौके पर पहुंचे। उन्होंने उक्त भूमि को वन विभाग की भूमि बताते हुए जेसीबी जब्त करने और कार्रवाई की धमकी दी। हरेन्द्र कंवर का आरोप है कि अधिकारियों ने कार्रवाई से बचाने के नाम पर पहले 50 हजार रुपये की मांग की, जो बाद में 35 हजार रुपये में तय हुई। उन्होंने कहा कि मौके पर तैयार पंचनामा में स्वयं वन विभाग ने भूमि को राजस्व भूमि तथा खसरा क्रमांक 27 दर्ज किया था, इसके बावजूद उन्हें गुमराह कर दस्तावेजों में हस्ताक्षर करवा लिए गए।शिकायत के अनुसार, वनरक्षक घनश्याम ध्रुव द्वारा लगातार फोन कर राशि की मांग की गई। भयवश उन्होंने अपने मित्र पारस पटेल से उधार लेकर 20 हजार रुपये छुरा वन परिक्षेत्र कार्यालय के पीछे घनश्याम ध्रुव को दिए। इसके अलावा 10 हजार रुपये वन रक्षक लक्ष्मी कोमरा को बोडराबांधा स्थित उनके निवास पर दिए गए तथा 16 मई को अतिरिक्त 5 हजार भी दिए गए। इस प्रकार कुल 35 हजार की वसूली किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि राशि नहीं देने पर उन्हें जेल भेजने की धमकी दी गई थी। हरेन्द्र कंवर ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत की जानकारी मिलने के बाद 18 मई 2026 को वन रक्षक लक्ष्मी कोमरा अपने भाई तथा फायर वाचर हीरालाल यादव के साथ उनके घर पहुंचीं।

## फ़िंगेश्वर और गरियाबंद में ब्लॉक अध्यक्षों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने संगठन विस्तार अभियान के तहत फ़िंगेश्वर एवं गरियाबंद का दौरा कर नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र सौंपे। फ़िंगेश्वर में ठाकुर राम यादव तथा गरियाबंद में छबि राम नेताम को किसान कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर किसान कांग्रेस एवं कांग्रेस संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि किसान कांग्रेस किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में क्षेत्र के किसानों को खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता नहीं हो पा रही है, जिसके कारण खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि किसान कांग्रेस किसानों की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करेगी तथा खाद, बीज एवं कृषि संबंधी अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए लगातार प्रयास करेगी। उन्होंने नव नियुक्त अध्यक्षों से संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने और किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने का आह्वान किया।



## दर्पण 2026 में राष्ट्रीय मंच पर गूंजी 'गौरव गरियाबंद' की सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए किए जा रहे नवाचारों और उत्कृष्ट प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। महाराष्ट्र के पुणे स्थित यशदा (यशवंतराव चव्हाण विकास प्रशासन अकादमी) में आयोजित दर्पण 2026 कार्यक्रम में गरियाबंद जिले की शैक्षिक उपलब्धियों और नवाचारों की प्रभावी प्रस्तुति दी गई। जिला प्रशासन की महत्वाकांक्षी पहल 'गौरव गरियाबंद' कार्यक्रम का प्रतिनिधित्व करते हुए सहायक जिला सांख्यिकी अधिकारी एवं नोडल अधिकारी श्याम कुमार चंद्राकर ने राष्ट्रीय मंच पर जिले की सफल शैक्षिक कार्यप्रणालियों को साझा किया। उन्हें जिले में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचारों और उत्कृष्ट कार्यों को प्रस्तुत करने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। कलेक्टर भगवान सिंह उइके, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर तथा जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. धीर के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रस्तुति में बताया गया कि जिले में शिक्षा सुधार के लिए किस प्रकार योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। ओपनलिंक्स फाउंडेशन के सहयोग से वर्ष 2023-24 से जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कई नवाचार लागू किए गए हैं।

श्याम कुमार चंद्राकर ने बताया कि कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में लगातार सुधार दर्ज किया गया है। उन्होंने पाठ्यक्रम तैयारी, प्री-बोर्ड परीक्षा परिणामों के विश्लेषण, अतिरिक्त कक्षाओं के संचालन, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा ब्लॉक और क्लस्टर स्तर पर शैक्षिक कार्ययोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विद्यालयों के परीक्षा परिणामों की डिजिटल मॉनिटरिंग प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता पर भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण जिले की मेधावी छात्रा विद्या रानी साहू रहीं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड़क परसूली की छात्रा एवं कक्षा 12वीं की राज्य मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली विद्या रानी ने अपनी सफलता की कहानी, अध्ययन पद्धति और शैक्षिक अनुभव प्रतिभागियों के साथ साझा किए। उनके अनुभवों ने उपस्थित शिक्षकों और अधिकारियों को प्रेरित किया।

दर्पण 2026 में गरियाबंद जिले की सहभागिता ने यह साबित किया कि योजनाबद्ध प्रयास, सतत मॉनिटरिंग और नवाचारों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम में जिले की उपलब्धियों को मिली सराहना ने गरियाबंद को राष्ट्रीय स्तर पर एक उभरते शैक्षिक मॉडल के रूप में स्थापित किया है।



**शैक्षिक उपलब्धियों और नवाचारों की प्रस्तुति दी गई**

## पं. ब्रम्हदत्त शास्त्री ने गौ माता की महिमा, सनातन संस्कृति और धर्म का पालन करने किया आह्वान

# गौ माता की भागवत कथा एक प्रेरणादायक व अनोखी पहल : रोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

श्री गोपाल गौशाला के तत्वावधान में आयोजित श्री गौ कथा का श्रवण करने विधायक रोहित साहू पहुंचे। कथा व्यास से पं ब्रम्हदत्त शास्त्री ने गौ माता की महिमा,सनातन संस्कृति एवं धर्म का पालन करने की महिमा का बखान किया। पं ब्रम्हदत्त शास्त्री ने कहा कि आज हमारे देश में गायों की बड़ी दुर्दशा हो रही है। वह दारुण दुखों से गुजर रही है और यह हम सब मूक दर्शक बनकर देख रहे हैं और यह बात किसी से छिपी भी नहीं है घर में जगह नहीं है यह कहकर लोगों ने गाय पालन बंद कर दिया है। कुत्ते पालना आज समाज में स्टेटस सिंबल बन गया है घर में जगह नहीं है कहकर लोगों ने गाय पालन छोड़ दिया है और जो लोग गाय रखते भी है वह भी जब तक गौ माता दूध दे रही है तब तक ही लेकिन उसे भी बाद में सड़कों पर आवारा छोड़ देते हैं। आज गाय सड़कों पर गंदगी खाने झिल्ली कागज चबाने पर मजबूर हो रही है। पेट भरने के लिए वह कूड़ा कर कट खा रही है। बीमार पड़ रही है आए दिन होने वाली वाहन दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा शिकार गाय ही बनती है गौ भागवत कथा में गाय की दुर्दशा का मार्मिक चित्रण करते हुए उन्होंने यह बातें कही और कहा कि क्या ही अच्छा हो कि भारत सरकार गाय को विधिवत राष्ट्र माता घोषित कर दे इसके लिए अब जोर-जोर से राष्ट्रव्यापी अभियान भी चल रहा है। अभी एक माह पहले पूरे देश में लोगों ने इस आशय का ज्ञापन शासन प्रशासन को सौंपा है। दूसरी बार जुलाई में यही जन जागरण करने जा रहे हैं। आप सबसे अनुरोध है की अधिक से अधिक संख्या में इस गौ रक्षा के अभियान से जुड़कर गौ माता की सेवा की दिशा में एक कदम बढ़ाएं।




**प्रेरणादायक अनुकरणीय और प्रशंसनीय पहल**

कथा श्रवण करने पहुंचे विधायक रोहित साहू ने गौ भागवत कथा को गायों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए अच्छा प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि यह एक प्रेरणादायक अनुकरणीय और प्रशंसनीय पहल है। उन्होंने व्यास पीठ से एक गौ कथा राजिम की गौशाला में करने के संबंध में अनुरोध किया जिसे पं ब्रह्मदत्त शास्त्री ने सहर्ष स्वीकार किया। विदित हो कि पिछले महीने प्रदेश के गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेष पटेल जी गौशाला आए थे और उन्होंने गायों की दशा और दिशा सुधारने के लिए गौ कथाओं को मध्य बनाने की बात कही थी गौशाला के अध्यक्ष गिरधारी लाल अग्रवाल एवं सभी सदस्यों ने यह विचार किया की इस परम पुण्य दायक पुरुषोत्तम मास में गौ कथा कराई जाए। कथा में मुख्य यजमान के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू थी। यहां शाम को हनुमान जी एवं गौ माता का पूजन किया गया। इसके बाद पंडित हरीश महाराज ने कलश एवं पोथी पूजन कराया। सुहागिन महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर गौशाला की परिक्रमा की। समिति के प्रफुल्ल दुबे ने स्वागत भाषण में गौ कथा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मंच का संचालन करते हुए नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने कहा कि यह हमारे नगर का सौभाग्य है कि हमारी इस ऐतिहासिक धरोहर श्री गोपाल गौशाला में प्रथम गौ कथा हो रही है। कथा में अशोक गंगवाल ,रमेश पहाड़िया ,डॉ टी एन रमेश ,सूबेदार मेजर गोवर्धन शर्मा ,वासु नागवानी ,श्रीकांत साहू,गोविंदा राजपाल ,प्रेम साधवानी ,प्रतीक शर्मा ,डॉ योगिता सिन्हा,लक्ष्मी शर्मा ,शारदा ,अनुराधा ,रूपेंद्र चंद्राकर ,चंदू कंसारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे।









प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123










प्रस्तुति- गोरेलाल सिन्हा, ब्यूरो प्रमुख, जिला-गरियाबंद मो. 9993223300







संकलनकर्ता : गोरेलाल सिन्हा, ब्यूरोप्रमुख जिला गरियाबंद, मो. 9993223300

उरेन्द्र साहू हरिभूमि







प्रस्तुति : यशवंत यादव, कृष्णा एड एजेंसी (संवाददाता) – छुरा, मो. 9893464850




प्रस्तुति : यशवंत यादव, कृष्णा एड एजेंसी (संवाददाता) – छुरा, मो. 9893464850










प्रस्तुति - तेजराम ध्रुव, लक्ष्मण ध्रुव संवाददाता हरिभूमि मुड़ागांव(कोरासी) मो.नं.:- 8085713983-9644401108










संकलनकर्ता- वेद प्रकाश यादव, हरिभूमि संवाददाता, पाण्डुका मो. 9926134370